इंदौर | शनिवार | 23 अगस्त 2025 | वर्ष 65 | अंक 199 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहितप्रथम 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


6 संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली


5 राहुल का मतदाता अधिकारों को लेकर जनसंवाद


8 इलावेनिल वलारिवन ने एशिया स्वर्ण जीता


7 भारत के निजी अंतरिक्ष में नई क्रांति

# घुसपैठियों को भारत छोड़ना होगा

**13** हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की दी सौगात | **12** हजार ग्रामीण और 4,260 शहरी क्षेत्रों में पक्के घर की पीएम मोदी ने सौंपी चाबी | **1871** करोड़ रुपये खर्च हुए हैं परियोजना पर

**गया/बेगूसराय,22 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने गया और बेगूसराय से राज्य को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी. आवास योजना के तहत पीएम मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 12,000 और शहरी क्षेत्रों में 4,260 परिवारों को पक्के घर सौंपते हुए मंच से उन्होंने पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चाबियां दीं. उन्होंने कहा कि अब हर गरीब को बिजली, पानी, शौचालय और गैस सुविधा से युक्त सम्मानजनक घर मिलेगा.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया जिसमें जनता का अभूतपूर्व स्वागत पाया. जन सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अब भारत में आतंकी भेजकर, हमला करके कोई बच नहीं सकता. आतंकवादी चाहे पाताल में क्यों न छिप जाएं, भारत की मिसाइलें उन्हें दफन करके ही रहेंगी.

पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि आरजेडी-कांग्रेस पर घुसपैठियों के समर्थन और वोट बैंक की राजनीति करती है. मोदी ने कहा कि घुसपैठियें देश का भविष्य तय नहीं कर सकते. भारत में जल्दी ही डेमोग्राफी मिशन को शुरू किया गया जाएगा. इसके बाद प्रधानमंत्री बेगूसराय पहुंचे और गंगा पर बने औंटा-सिमरिया छह लेन पुल का उद्घाटन किया. 1.865 किमी लंबे इस पुल सहित 8.15 किमी की परियोजना पर 1,871 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं. यह पुल उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ते हुए पुराने राजेंद्र सेतु का विकल्प बनेगा.




## पीएम मोदी के मंच पर आरजेडी के दो विधायक

पटना,22 अगस्त. बिहार की सियासत में हलचल तब मच गई है. जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गयाजी दौरे के दौरान राजद के दो विधायक नवादा से विधायक विभा देवी, जो पूर्व आरजेडी विधायक राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं, भाजपा मंच पर दिखीं. इसी तरह रजौली से विधायक प्रकाश वीर भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मंच पर बैठे दिखे. इस अप्रत्याशित मौजूदगी ने तेजस्वी यादव के लिए चिंता

## पश्चिम बंगाल को 5,200 करोड़ सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की जनता को 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी. उन्होंने नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर, सियालदाह-एस्प्लेनेड और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय सहित तीन नए मेट्रो रूट्स का उद्घाटन किया. साथ ही 7.2 किमी लंबे कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास और हावड़ा स्टेशन पर सब-वे का उद्घाटन भी किया. जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोलकाता जैसे शहर भारत की अर्थव्यवस्था और भविष्य की धुरी हैं.

# 5 हजार करोड़ के सीएसआर फंड के घोटाले का खुलासा

## छापेमारी में 200 अधिकारी थे शामिल

**नयी दिल्ली,22 अगस्त. आयकर विभाग ने सीएसआर फंड के 5000 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का खुलासा किया है. विभाग की जांच में सामने आया कि देश की नामी कंपनियों से मिला सीएसआर फंड शेल कंपनियों के जरिए चीन, हांगकांग, मलेशिया, सिंगापुर और दुबई भेजा गया.**

वहां से तस्करी कर करोड़ों के हीरे भारत मंगाए गए और सूरत में बेचकर हवाला के माध्यम से रकम वापस कंपनियों तक पहुंचाई गई. सूत्रों के अनुसार विभाग ने मथुरा के जनजागृति सेवा संस्थान, अहमदाबाद के रागिनी बेन विधिक चंद्र सेवा कार्य और भीलवाड़ा के डॉ. ब्रजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान जैसे ट्रस्टों में फंड के दुरुपयोग की पुष्टि की है. मथुरा स्थित सीए आशुतोष अग्रवाल के यहां भी कार्रवाई हुई. बताया गया कि गरीब और मजदूरों के आधार कार्ड पर 50 से अधिक शेल कंपनियां बनाई गई थीं. जांच में हीरों की तस्करी के पांच मामले सामने आए हैं. विभाग की 200 अधिकारियों की टीम ने मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु और मथुरा सहित 50 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया.

## ईडी ने भूमि घोटाला मामले में की छापेमारी

जम्मू, 22 अगस्त. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिककारियों ने शुक्रवार को जम्मू के विभिन्न जगहों पर भूमि घोटाले के संबंध में पटवारियों, नायब तहसीलदारों और अन्य राजस्व अधिकारियों के आवासों पर छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने भूमि घोटाले और कस्टोडियन भूमि से जुड़े भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए पटवारी, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों के आवासों पर एक साथ छापेमारी की. कस्टोडियन भूमि के अवैध कब्जे से संबंधित कई प्राथमिकी पहले ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (केंद्रीय) और पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं के अंतर्गत दर्ज की जा चुकी हैं.

## एक नजर में



### आयकर अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

नयी दिल्ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के मानसून सत्र में पारित आयकर अधिनियम, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है. गजट अधिसूचना के अनुसार यह विधेयक अगले वर्ष पहली अप्रैल से पूरे देश में लागू होगा. यह अधिनियम 1961 के आयकर के कानून का स्थान



### साय की एनटीटी लिमिटेड की सीईओ से मुलाक़ात

रायपुर. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जापान प्रवास के दौरान एनटीटी लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कायो इतो ने टोक्यो में शिष्टाचार भेंट की. एनटीटी लिमिटेड 90 अरब डॉलर के रेवेन्यू के साथ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है. इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में डिजिटल और उन्नत आईटी तकनीक आधारित निवेश को लेकर चर्चा की. मुलाक़ात को राज्य में तकनीकी निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में अहम कदम माना जा

### 1.488 अरब डालर बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 1.488 अरब डॉलर बढ़कर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 695.106 अरब डॉलर पर पहुंच गया. रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.924 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 585.903 अरब डॉलर पर पहुंच गया. इस दौरान स्वर्ण भंडार 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.667 अरब डॉलर रह गया. विशेष आहरण अधिकार 4.1 करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर क्रमश: 18.782 करोड़ डॉलर और 4.754 करोड़ डॉलर हो गयी. विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है. मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है. साथ ही रुपये में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है.

# अनुराग जैन को मिल सकता है एक्सटेंशन

▶ अलका और कांताराव को केंद्र में दूसरी जिम्मेदारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 अगस्त. प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन एक्सटेंशन की राह में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं. शुक्रवार को केंद्र सरकार ने दिल्ली में पदस्थ सचिव स्तर के अफसरों की जिम्मेदारी में फेरबदल किया है, उसमें प्रदेश में मुख्य सचिव पद की दावेदार अलका उपाध्याय भी शामिल है.**

अलका उपाध्याय अब तक सचिव पशुपालन, डेयरी और पशुपालन मंत्रालय में सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही थीं, उन्हें अब अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधीन सचिव राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग पदस्थ किया गया है. केंद्र सरकार की नियुक्ति संबंधी कैबिनेट कमेटी ने केंद्र में पदस्थ 14 अफसरों के दायित्वों में फेरबदल को मंजूरी दी है. नये आदेश में मप्र कॉडर के दो अफसर शामिल हैं. वे पहले सड़क, परिवहन एवं और राजमार्ग मंत्रालय जैसे बड़े विभाग में सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं. यहां बता दें कि प्रदेश के मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है. यदि एक्सटेंशन नहीं मिला तो अलका उपाध्याय को भी सीएस पद के तगड़े दावेदार के रूप में देखा जा रहा था, उनका रिटायरमेंट मई 2026 में तय है. लेकिन उनकी आयोग में नई पदस्थापना से वे सीएस पद की दावेदारी से लगभग बाहर हो गई है. यह इसलिये कि यदि वे सीएस पद की दावेदार होती और मप्र वापसी करतीं तो उन्हें ये नई जिम्मेदारी नहीं दी जाती. इसी तरह मध्यप्रदेश कॉडर के एक अन्य अधिकारी वीएल कांताराव सचिव खान मंत्रालय को अब सचिव जल शक्ति, नदी विकास मंत्रालय में सचिव पदस्थ किया गया है.



# ऑनलाइन गेमिंग : कर्नाटक विधायक के 30 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**बेंगलुरु.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र पप्पी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर बड़ी छापेमारी की. पप्पी चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं. कुल 30 स्थानों पर तलाशी चल रही है. इनमें चित्रदुर्ग जिले में छह, बेंगलुरु में दस, जोधपुर में तीन, हुबली में एक, मुंबई में दो और गोवा के पांच प्रमुख कैसीनो शामिल हैं. जिन कैसिनो पर कार्रवाई की गई उनमें पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो प्रमुख हैं. जांच में सामने आया कि आरोपी अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी के लिए किंग 567, राजा 567 और रत्ना गेमिंग जैसे नामों से वेबसाइट और प्लेटफॉर्म चला रहा था.

## संसद भवन की दीवार फांदकर गरुड़ द्वार तक पहुंचा युवक

**नयी दिल्ली, 22 अगस्त.** संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी चूक सामने आई है. शुक्रवार सुबह 5.50 बजे एक युवक रेल भवन की ओर से पेड़ के सहारे दीवार फांदकर नयी संसद भवन परिसर में घुस गया और सीधे गरुड़ द्वार तक पहुंच गया. मौके पर मौजूद सीआईएसएफ जवानों ने उसे देख लिया और दबोच लिया. नयी दिल्ली जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि संसद भवन में घुसने की कोशिश कर रहा था. उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और दिल्ली पुलिस के जवानों ने तुरंत पकड़ लिया. सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गये युवक ने अपनी पहचान उत्तर प्रदेश निवासी राम (20 वर्ष) बतायी है.

# मसूद को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**भोपाल,22 अगस्त. मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हाईकोर्ट जबलपुर के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज मामले में तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कर एसआईटी जांच का निर्देश दिया गया था.**

जस्टिस जे.के. माहेश्वरी की बेंच ने यह अंतरिम राहत दी. सुनवाई के दौरान मसूद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और वरुण तन्खा पेश हुए. अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील दी कि हाईकोर्ट का आदेश अनुचित है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया.



### हाईकोर्ट ने एफआईआर के दिए थे आदेश

सोमवार को हाईकोर्ट ने कॉलेज की मान्यता से जुड़े फर्जी दस्तावेजों की शिकायत पर सुनवाई की थी. कोर्ट ने तीन दिन में एफआईआर दर्ज करने और 90 दिन में एसआईटी जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था. इसके बाद भोपाल के कोहेफिजा थाने में विधायक मसूद के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचना का मामला दर्ज किया गया था.

**सुको का बड़ा फैसला** | टीकाकरण के बाद उन्हें उनके मूल स्थान पर ही छोड़ा जाएगा

# नसबंदी के बाद बंद कुत्ते होंगे आजाद

**नयी दिल्ली, 22 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में अपने पूर्व आदेश में बड़ा बदलाव किया है. शुक्रवार को सुनाए गए फैसले में अदालत ने साफ किया कि अब कुत्तों को पकड़कर उनका बंध्याकरण (नसबंदी) और टीकाकरण किया जाएगा और इसके बाद उन्हें उनके मूल स्थान पर ही छोड़ा जाएगा. केवल आक्रामक और रैबीज संक्रमित कुत्तों को ही डॉग शेल्टर में अलग रखा जाएगा.**



शीर्ष अदालत ने देशभर के सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में कुत्तों के लिए फीडिंग प्वाइंट बनाए जाएं. कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि किसी भी हालत में आवारा कुत्तों को सड़क पर खाना खिलाने की इजाजत नहीं होगी. उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी. इसके लिए नगर निकायों को हेल्पलाइन नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया गया है. दरअसल, 11 अगस्त को दिए गए आदेश में कहा गया था कि सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर डॉग शेल्टर में रखा जाएगा.

इस पर पशु प्रेमियों ने आपत्ति जताई और सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की. अब तीन न्यायाधीशों की बेंच ने संशोधित आदेश में स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा और कुत्तों के अधिकारों में संतुलन जरूरी है.

### आधार समेत 11 दस्तावेजों से कर सकेंगे आवेदन

नयी दिल्ली,22 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार को कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं, वे अब आधार कार्ड समेत 11 अन्य दस्तावेजों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. पीठ ने साफ किया कि आवेदकों को अब फॉर्म-6 ऑनलाइन भरना होगा और फार्म जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी.

वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
| --- | --- | --- |
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़ें रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512
अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.
हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
LIC/MI/2025-26/15/Hin